# प्रश्न बैंक

सत्र - 2022-23

## विषय—हिंदी

## कक्षा — पहली



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

## प्रकाशन वर्ष 2022–23

**संरक्षक**

राजेश सिंह राणा 'IAS'

संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**

डॉ.योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक, SCERT,

डॉ.निशी भाम्बरी संयुक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**

श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, प्राध्यापक

श्रीमती कौशिल्या खुटे, श्रीमती लीना नेमपांडे

**विशेष सहयोग**

डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**

डॉ.जयभारती चन्द्राकर

**लेखन**

पुष्पा शुक्ला

**टंकण**

लीना साहू

**आवरण**

सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़

शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

वर्तमान में शालाओं में आकलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाने तथा शिक्षकों और छात्रों में विषयों की समझ को अधिक विकसित करने से लिए अच्छे प्रश्नों का निर्माण होना आवश्यक है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए SCERT द्वारा पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया है। प्रश्न बैंक के माध्यम से शिक्षण अधिगम संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकती है। शिक्षक इसका उपयोग पढ़ाने, परीक्षा लेने तथा छात्र स्वआकलन के लिए कर सकते है।

बच्चों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। इसी आधार पर कक्षा 1 से 8 के लिए कक्षावार विषयवार प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया। निर्मित **’प्रश्न बैंक’** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं, प्रश्नों को वस्तुनिष्ठ, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय क्रम में रखा गया।

सृजित **’प्रश्न बैंक’** में समाहित प्रश्न ज्ञानात्मक, समझ, अनुप्रयोग, विशलेषण आधारित है एवं विद्यार्थियों के स्तरानुरूप हैं। यह **’प्रश्न बैंक’** अध्ययन अध्यापन में अन्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थियों के अपेक्षित कौशलों के विकास को जांचा-परखा जा सकेगा और पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को समझने के सरलता होगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **’प्रश्न बैंक’** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय-वस्तु की समझ विकसित होगी। शिक्षकों को यह ’प्रश्न बैंक’ विषयवस्तु को सरल एवं विकसित करने में उनकी मदद करेगा।

यह **’प्रश्न बैंक’** शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उपयोगी है शिक्षकों से आग्रह है कि ’प्रश्न बैंक’ का अध्ययन कर इनकी उपयोगिता सुनिश्चित करें।

**संचालक**

**एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर**

## अनुक्रमणिका


| पाठ | पाठ का नाम | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | आम की टोकरी | 1 - 2 |
| 2 | चार चने | 3 - 4 |
| 3 | चूहो ! म्याऊँ सो रही है | 5 - 6 |
| 4 | पगड़ी | 7 - 8 |
| 5 | गमला | 9 - 10 |
| 6 | अनार | 11 - 14 |
| 7 | राजा आ | 15 - 18 |
| 8 | इमली-ईख | 19 - 21 |
| 9 | तितली | 22 - 24 |
| 10 | उल्लू आया | 25 - 27 |
| 11 | लालू और पीलू | 28 - 30 |
| 12 | बंदर आया | 31 - 34 |
| 13 | मेला | 35 - 37 |
| 14 | ओढ़नी | 38 - 41 |
| 15 | खिलौने वाला | 42 - 45 |
| 16 | झंडा | 46 - 48 |
| 17 | बंदर और गिलहरी | 49 - 51 |
| 18 | हलीम चला चाँद पर | 52 - 55 |
| 19 | दौड़ | 56 - 58 |
| 20 | इनको भी जानो | 59 - 61 |

## पाठ - 1
## आम की टोकरी

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - टोकरी में क्या है?

(अ) आम (ब) अनार (स) केला (द) सेब

उत्तर - (अ) आम

प्रश्न 2 - लड़की किसे बुला रही है?

(अ) भाई को (ब) सहेली को (स) बहन को (द) बच्चों को

उत्तर - (द) बच्चों को

प्रश्न 3 - यह चित्र किसका है?



(अ) आम (ब) नीबू (स) अनार (द) अमरूद

उत्तर - (अ) आम

प्रश्न 4 - 'आम' जैसा मिलता-जुलता शब्द क्या है?

(अ) नाम (ब) अमन (स) सीमा (द) सपना

उत्तर - (अ) नाम

प्रश्न 5 - 'छोकरी' शब्द में कितनी आवाजें हैं?

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

उत्तर - (स) तीन

प्रश्न 6 - ‘टोकरी’ का चित्र कौन सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (ब)



प्रश्न 7 - किस शब्द में दो अक्षर हैं?

(अ) टोकरी (ब) छोकरी (स) बुलाती (द) दाम

उत्तर - (द) दाम

प्रश्न 8 - लड़की किसका दाम नहीं बता रही थी?

(अ) टोकरी (ब) आम (स) खिलौना (द) अनार

उत्तर - (ब) आम

प्रश्न 9 - लड़की टोकरी में आम क्यों लाई है?

(अ) दिखाने के लिए (ब) आचार बनाने के लिए

(स) चूसने के लिए (द) बच्चों को देने के लिए

उत्तर - (द) बच्चों को देने के लिए

प्रश्न 10 - बच्चे किसका दाम पूछ रहे हैं?

(अ) टोकरी (ब) आम (स) केला (द) पपीता

उत्तर - (ब) आम

## पाठ - 2

## चार चने

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - 'पैसा पास होता तो चार चने लाते।' इस वाक्य में कितने शब्द हैं?

(अ) सात (ब) एक (स) तेरह (द) छः

उत्तर - (अ) सात

प्रश्न 2 - 'च' से शुरू होने वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) घोड़ा (ब) तोता (स) पीठ (द) चना

उत्तर - (द) चना

प्रश्न 3 - यह चित्र किसका है?



(अ) गाय (ब) घोड़ा (स) बैल (द) ऊँट

उत्तर - (ब) घोड़ा

प्रश्न 4 - 'पैसा' शब्द में कितनी आवाज़ें हैं?

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

उत्तर - (ब) दो

प्रश्न 5 - घोड़े को चार चने खिलाने से क्या होता?

(अ) टाँय-टाँय गाता (ब) पीठ पर बिठाता

(स) उछलकूद करता (द) नाच दिखाता

उत्तर - (ब) पीठ पर बिठाता

प्रश्न 6 - कविता में चना खाने से किसके दाँत टूट जाते।

(अ) तोता (ब) घोड़ा (स) चूहा (द) बच्चा

उत्तर - (स) चूहा

प्रश्न 7 - कविता में तोते के टाँय-टाँय गाने से किसको मजा आता?

(अ) चूहे को (ब) घोड़े को (स) बच्चे को (द) माँ को

उत्तर - (स) बच्चे को

प्रश्न 8 - कविता में चूहे को कितने चने खिलाने की बात कही जा रही है?

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

उत्तर - (अ) एक

प्रश्न 9 - गाता, आता, लाता ...... जैसा मिलता-जुलता शब्द कौन-सा है?

(अ) तोता (ब) चना (स) जाता (द) चार

उत्तर - (स) जाता

प्रश्न 10 - तोते का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (द)



## पाठ - 3

## चूहो ! म्याऊँ सो रही है

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - छत के नीचे कौन सो रहा है?

(अ) बिल्ली (ब) चूहा (स) कुत्ता (द) तोता

उत्तर - (अ) बिल्ली

प्रश्न 2 - इस कविता में मौसी किसको कहा गया है?

(अ) चूहे को (ब) बिल्ली को (स) लड़की को (द) चुहिया को

उत्तर - (ब) बिल्ली को

प्रश्न 3 - चने किसमें रखे हुए हैं?

(अ) थाली में (ब) कटोरी में (स) डिब्बे में (द) पतीले में

उत्तर - (द) पतीले में

प्रश्न 4 - चूहों को कैसे पता चला कि बिल्ली सो रही है?

(अ) छत के नीचे बैठने से (ब) खर्राटे लेने से

(स) मूँछ को मरोड़ने से (द) घर के पीछे होने से

उत्तर - (ब) खर्राटे लेने से

प्रश्न 5 - चूहे आज मनमानी क्यों करना चाहते हैं? क्योंकि -

(अ) बिल्ली छत पर है। (ब) बिल्ली सो रही है।

(स) बिल्ली रसोई में नहीं है। (द) बिल्ली ने चूहों से दोस्ती कर ली है।

उत्तर - (ब) बिल्ली सो रही है।

प्रश्न 6 - बिल्ली के सो जाने से चूहे क्या करना चाहते हैं?

(अ) खेलना (ब) घूमना (स) मनमानी (द) तबाही

उत्तर - (द) तबाही

प्रश्न 7 - 'मटका' जैसा मिलता-जुलता शब्द कौन-सा है?

(अ) सुराही (ब) गिलास (स) झटका (द) मकान

उत्तर - (स) झटका

प्रश्न 8 - ''आज हमारा राज हमारा'' चूहे ऐसा क्यों कह रहे हैं? क्योंकि

(अ) बिल्ली के सो जाने से उन्हें डर नहीं है।

(ब) उन्हें रसीले चने मिल गए हैं।

(स) उन्होंने मूँछ मरोड़ ली है।

(द) आज रसोई खुली है।

उत्तर - (अ) बिल्ली के सो जाने से उन्हें डर नहीं है।

प्रश्न 9 - यह किसका चित्र है?



(अ) चूहा (ब) कुत्ता (स) खरगोश (द) बिल्ली

उत्तर - (द) बिल्ली

प्रश्न 10 - कविता के अनुसार चने कैसे हैं?

(अ) चटपटे (ब) कुरकुरे (स) रसीले (द) कच्चे

उत्तर - (अ) रसीले

## पाठ - 4

## पगड़ी

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - 'पगड़ी' जैसा मिलता-जुलता शब्द कौन-सा है?

(अ) मलकिन (ब) हट्टी (स) कट्टी (द) झगड़ी

उत्तर - (द) झगड़ी

प्रश्न 2 - 'पगड़ी' क्यों फट गई?

(अ) रोज-रोज पहनने से (ब) ज्यादा रगड़ने पर

(स) जोर से खींचने पर (द) मैली होने से

उत्तर - (ब) ज्यादा रगड़ने पर

प्रश्न 3 - पगड़ी के फट जाने से कौन नाराज है?

(अ) माँ (ब) मलकिन (स) बच्चे (द) पिताजी

उत्तर - (ब) मलकिन

प्रश्न 4 - 'पगड़ी' कैसी थी?

(अ) नई (ब) मैली (स) फटी (द) पुरानी

उत्तर - (ब) मैली

प्रश्न 5 - मलकिन क्यों झगड़ रही थी?

(अ) पगड़ी फट जाने से (ब) पगड़ी मैली हो जाने से

(स) पगड़ी रगड़ने से (द) पगड़ी पहनने से

उत्तर - (अ) पगड़ी फट जाने से

प्रश्न 6 - पगड़ी को खूब रगड़ा तो फट गई। यदि बर्तन को रगड़ेंगे तो क्या होगा?

(अ) फट जाएगा (ब) टूट जाएगा

(स) साफ हो जाएगा (द) खराब हो जाएगा

उत्तर - (स) साफ हो जाएगा

प्रश्न 7 - किस शब्द की पहली आवाज़ 'म' है?

(अ) पगड़ी (ब) मलकिन (स) रगड़ी (द) हट्टी

उत्तर -  (ब) मलकिन

प्रश्न 8 -  इनमें से पगड़ी का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर -  (स)



प्रश्न 9 -  किस शब्द में 'ड़' की आवाज़ है?

(अ) गुड़िया  (ब) डमरू  (स) डरना  (द) ढक्कन

उत्तर -  (अ) गुड़िया

प्रश्न 10 -  'फट गई पगड़ी' इस वाक्य में कितने शब्द हैं।

(अ) एक  (ब) दो  (स) तीन  (द) चार

उत्तर -  (स) तीन

## पाठ - 5

## गमला

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - कविता में फूल किसमें लगाने कहा जा रहा है?

(अ) गुलदस्ते में (ब) मटके में (स) गमले में (द) डिब्बे में

उत्तर - (स) गमले में

प्रश्न 2 - कविता में कहाँ से पानी लाने के लिए कहा जा रहा है?

(अ) नदी से (ब) नल से (स) कुआँ से (द) तालाब से

उत्तर - (ब) नल से

प्रश्न 3 - पौधों की प्यास कैसे बुझेगी?

(अ) गमले में पौधों लगाने से (ब) पानी डालने से

(स) गमले में मिट्टी डालने से (द) पानी लाने से

उत्तर - (ब) पानी डालने से

प्रश्न 4 - 'गमला' शब्द में बीच की आवाज़ है ।

(अ) ग (ब) ल (स) ला (द) म

उत्तर - (द) म

प्रश्न 5 - यह चित्र किसका है?



(अ) गमला (ब) फूलदान (स) मटका (द) बाल्टी

उत्तर - (अ) गमला

प्रश्न 6 - नल से पानी लेकर आओ ................ खाली जगह में कौन-सा वाक्य आयेगा?

(अ) अपना घर-आँगन महकाओ। (ब) पौधों की तुम प्यास बुझाओ।

(स) मछली देखो आओ-आओ। (द) रस्सी कूदो नाचो गाओ ।

उत्तर - (ब) पौधों की तुम प्यास बुझाओ ।

प्रश्न 7 - फूल लगाकर घर-आँगन महका सकते हैं। ऐसे ही और किस चीज से घर महकाया जा सकता है?

(अ) धूपबत्ती जलाकर (ब) लिपाई-पोताई करके

(स) दिया जलाकर (द) साफ-सफाई करके

उत्तर - (अ) धूपबत्ती जलाकर

प्रश्न 8 - किस शब्द का पहला अक्षर 'म' है?

(अ) गमला (ब) आम (स) मछली (द) गरम

उत्तर - (स) मछली

प्रश्न 9 - यह किसका चित्र है ?



(अ) नल (ब) रस्सी (स) गमला (द) मछली

उत्तर - (ब) रस्सी

## पाठ - 6

## अनार

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - कविता में अनार कौन खा रही है?

(अ) माँ (ब) नानी (स) लड़की (द) मोनू

उत्तर - (ब) नानी

प्रश्न 2 - लड़की क्या कर रही है?

(अ) आम का चित्र बना रही है। (ब) कमल का चित्र बना रही है।

(स) अनार खा रही है। (द) गाना गा रही है।

उत्तर - (द) गाना गा रही है

प्रश्न 3 - कविता के अनुसार बढ़िया गाना कौन गाता है?

(अ) नाना (ब) नानी (स) लड़की (द) मोनू

उत्तर - (स) लड़की

प्रश्न 4 - यह चित्र किसका है?



(अ) जहाज (ब) हेलीकाप्टर (स) ट्रक (द) बस

उत्तर - (अ) जहाज

प्रश्न 5 - 'अदरक' शब्द की पहली आवाज़ कौन-सी है?

(अ) क (ब) द (स) र (द) अ

उत्तर - (द) अ

प्रश्न 6 - किस चित्र का नाम 'ज' से शुरू होती है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (ब)



प्रश्न 7 - 'अ' वर्ण से शुरू होने वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) ऊन (ब) अमरूद (स) आलू (द) आम

उत्तर - (ब) अमरूद

प्रश्न 8 - 'आम' जैसा मिलता-जुलता शब्द कौन-सा है?

(अ) माला (ब) काम (स) अनार (द) आलू

उत्तर - (ब) काम

प्रश्न 9 - 'कागज' को किस चीज से काटते हैं?

(अ) चाकू (ब) कैंची (स) हँसिया (द) आरी

उत्तर - (ब) कैंची

प्रश्न 10 - चूस कर खाने वाला फल कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (द)



प्रश्न 11 - 'हवाई जहाज' का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)




उत्तर - (द)



प्रश्न 12 - मोनू क्या कर रहा था?

(अ) गाना गा रहा था। (ब) जहाज चला रहा था।

(स) आम चूस रहा था। (द) अनार खा रहा था।

उत्तर - (ब) जहाज चला रहा था।

प्रश्न 13 - इस कविता में गाना कौन सुन रहा है?

(अ) सोनू (ब) मोनू (स) लड़का (द) नाना

उत्तर - (द) नाना

प्रश्न 14 - कविता के अनुसार आम कैसा है?

(अ) कच्चा (ब) खट्टा (स) मीठा (द) रसदार

उत्तर - (द) रसदार

प्रश्न 15 - कविता के अनुसार नाना के पास क्या हैं?

(अ) जहाज (ब) सरौता (स) अनार (द) आम

उत्तर - (ब) सरौता

## पाठ - 7

## राजा आ

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - 'राजा' जैसा मिलता-जुलता शब्द कौन-सा है?

(अ) राज (ब) राम (स) बाजा (द) बाज

उत्तर - (स) बाजा

प्रश्न 2 - बाजा कौन लाया?

(अ) राजा (ब) भाई (स) चाचा (द) मामा

उत्तर - (द) मामा

प्रश्न 3 - कार का चित्र



| | |
|---|---|
| का | ........ |

खाली जगह में कौन-सा अक्षर आएगा?

(अ) म (ब) र (स) ग (द) ज

उत्तर - (ब) र

प्रश्न 4- यह चित्र किसका है?



(अ) नल (ब) नाक (स) नाला (द) नाली

उत्तर - (अ) नल

प्रश्न 5 - 'कान' शब्द में 'क' वर्ण पर कौन-सी मात्रा है?

(अ) ई की मात्रा (ब) उ की मात्रा

(स) आ की मात्रा (द) ए की मात्रा

उत्तर - (स) आ की मात्रा

प्रश्न 6 - आ ( T ) की मात्रा लगा हुआ शब्द कौन-सा है?

(अ) कल (ब) काला (स) कम (द) कर

उत्तर - (ब) काला

प्रश्न 7 -

| | |
|---|---|
| ना | ग |

ऊपर दिए गए अक्षरों को जोड़कर कौन-सा शब्द बनेगा?

(अ) नग (ब) गन (स) नाग (द) गान

उत्तर - (स) नाग

प्रश्न 8 - 'ल' में आ ( T ) की मात्रा जोड़ने पर कौन-सा अक्षर बनेगा?

(अ) ले (ब) ला (स) लि (द) ली


उत्तर - (ब) ला

प्रश्न 9 - कविता में जल गरम करने के लिए किसे कह रहे हैं?

(अ) राजा (ब) नज़मा (स) मामा (द) नाना

उत्तर - (अ) राजा

प्रश्न 10 -



इस चित्र को कहते हैं -

(अ) जल (ब) जाल (स) जला (द) लाज

उत्तर - (ब) जाल

प्रश्न 11 - किस शब्द में तीन अक्षर हैं?

(अ) राजा (ब) नज़मा (स) मामा (द) बाजा

उत्तर - (ब) नज़मा

प्रश्न 12 -



| ...... | न |
|---|---|

खाली जगह में कौन-सा अक्षर आएगा?

(अ) ना (ब) क (स) का (द) न

उत्तर - (स) का

प्रश्न 13 - तीनों अक्षरों को जोड़ने पर कौन-सा शब्द बनेगा?

| क | म | ल |
|---|---|---|

(अ) कालम (ब) कमाल (स) कलाम (द) कमल

उत्तर - (द) कमल

प्रश्न 14 -

| आना | गाना | जाना | ....... |
|---|---|---|---|

खाली जगह में कौन-सा शब्द आएगा?

(अ) लाना (ब) नाला (स) लाला (द) लाल

उत्तर - (अ) लाना

प्रश्न 15 - 'अनार' का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (स)



## पाठ - 8

## इमली-ईख

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - इमली का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (द)



प्रश्न 2 - कविता के अनुसार बकरी कहाँ चर रही है?

(अ) बगीचे में (ब) खेत में (स) वन में

(द) मैदान में

उत्तर - (स) वन में

प्रश्न 3 - किस शब्द की पहली आवाज़ 'ब' है?

(अ) तबला (ब) वन (स) बकरी (द) सब

उत्तर - (स) बकरी

प्रश्न 4 - किस चीज का स्वाद मीठा होता है?

(अ) ईख (ब) इमली (स) आँवला (द) नींबू

उत्तर - (अ) ईख

प्रश्न 5 - तबला शब्द में कितनी आवाज़ें हैं?

(अ) चार (ब) तीन (स) दो (द) एक

उत्तर - (ब) तीन

प्रश्न 6 - इमली का स्वाद कैसा होता है?

(अ) मीठा (ब) खट्टा (स) कड़वा (द) तीखा

उत्तर - (ब) खट्टा

प्रश्न 7 - किस शब्द में 'ई' वर्ण है?

(अ) इनका (ब) इधर (स) पढ़ाई (द) इसकी

उत्तर - (स) पढ़ाई

प्रश्न 8 - 'तबला' जैसा समान तुक वाला शब्द कौन-सा है ?

(अ) तालाब (ब) लबालब (स) झबला (द) ताला

उत्तर - (स) झबला

प्रश्न 9 -



'पपी.........' के खाली जगह में कौन-सा अक्षर आएगा।

(अ) त (ब) ता (स) ल (द) ला

उत्तर - (ब) ता

प्रश्न 10 -

| बा | ल |
|---|---|

ऊपर दिए गए दोनों शब्दों को जोड़कर लिखने पर कौन-सा शब्द बनेगा?

(अ) बल (ब) लब (स) बाल (द) लाब

उत्तर - (स) बाल

प्रश्न 11 - राई, जाई, खाई ............. खाली जगह में कौन-सा शब्द आएगा?

(अ) भाई (ब) गई (स) मई (द) नई

उत्तर - (अ) भाई

प्रश्न 12 - तबला का चित्र कौन-सा है?

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर - (द)



प्रश्न 13 - 'ब ..... री' दिए गए शब्द के खाली जगह में कौन-सा वर्ण आएगा?

(अ) म (ब) क (स) र (द) च

उत्तर - (ब) क

प्रश्न 14 - इनमें से सही जोड़ी कौन-सी है?

(अ) खट्टी-इमली (ब) मीठा-करेला (स) तीखी-ईख (द) कड़वा-आम

उत्तर - (अ) खट्टी-इमली

प्रश्न 15 - खट्टी इमली मीठी ईख,

चरती बकरी ..................

दिए गए खाली जगह में कौन-सा शब्द आएगा -

(अ) खूब बजाएँ। (ब) वन के बीच।

(स) चलो पपीता खाएँ हम। (द) तबला बजाए हम।

उत्तर - (ब) वन के बीच।

# पाठ - 9

## तितली

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - कविता में रंग-बिरंगी किसे कहा गया है?

(अ) तितली (ब) फूल (स) कली (द) पत्ते

उत्तर - (अ) तितली

प्रश्न 2 - तितली किसका रस लेती है?

(अ) कली (ब) फूल (स) पौधे (द) फल

उत्तर - (ब) फूल

प्रश्न 3 - सबका मन किसे देखकर ललचा जाता है?

(अ) फूल (ब) रस (स) कली (द) तितली

उत्तर - (द) तितली

प्रश्न 4 - तितली सबके मन को क्यों भाती है ?

(अ) वह रस पीती है। (ब) वह फूल पर चढ़ जाती है।

(स) वह रंग-बिरंगी है। (द) वह हवा में उड़ती है।

उत्तर - (स) वह रंग-बिरंगी है।

प्रश्न 5 - तितली को क्या पसंद है?

(अ) रंग-बिरंगी होना। (ब) फूलों का रस पीना।

(स) सबके मन को ललचाना। (द) सबके मन को भाना।

उत्तर - (ब) फूलों का रस पीना।

प्रश्न 6 - रंग-बिरंगी का क्या अर्थ है?

(अ) बहुत सारे रंगों वाली। (ब) खराब रंगों वाली।

(स) कम रंगों वाली। (द) फीके रंगों वाली।

उत्तर - (अ) बहुत सारे रंगों वाली।

प्रश्न 7 - ई (ी) की मात्रा लगा हुआ शब्द कौन-सा है?

(अ) गिलास (ब) किताब (स) माचिस (द) पपीता

उत्तर - (द) पपीता

प्रश्न 8 - इ (ि) की मात्रा लगा हुआ शब्द कौन-सा है?

(अ) चील (ब) चीता (स) चित्र (द) चीनी

उत्तर - (स) चित्र

प्रश्न 9 - 'ति ...ली' दिए गए शब्द के खाली जगह में कौन-सा शब्द आएगा?

(अ) ता (ब) ती (स) त (द) तु

उत्तर - (स) त

प्रश्न 10 - 'ब' वर्ण में ई (ी) की मात्रा जोड़ने पर कौन-सा अक्षर बनेगा?

(अ) बा (ब) बी (स) बि (द) बु

उत्तर - (ब) बी

प्रश्न 11 - यह किसका चित्र है?



(अ) टिड्डा (ब) तितली

(स) भौंरा (द) मधुमक्खी

उत्तर - (ब) तितली

प्रश्न 12 - 'गिलास' शब्द में 'ग' वर्ण में कौन-सी मात्रा है?

(अ) ऊ की मात्रा (ब) उ की मात्रा

(स) इ की मात्रा (द) ई की मात्रा

उत्तर - (स) इ की मात्रा

प्रश्न 13 - किस चित्र के नाम में 'ई' की मात्रा है?

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर - (अ)



प्रश्न 14 -

| स | रि | ता |
|---|---|---|

ऊपर दिए गए अक्षरों को जोड़कर कौन-सा शब्द बनेगा?

(अ) सरौता (ब) सरला (स) सरिता (द) सरल

उत्तर - (स) सरिता

## पाठ - 10

## उल्लू आया

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - ऊन का गोला कौन लाया?

(अ) खरगोश (ब) किसान (स) उल्लू (द) बच्चा

उत्तर - (स) उल्लू

प्रश्न 2 - दवात में क्या है?

(अ) स्याही (ब) ऊन (स) पानी (द) तेल

उत्तर - (अ) स्याही

प्रश्न 3 - खरगोश कैसा बोला?

(अ) चूँ- चूँ- चूँ (ब) चीं-चीं-चीं

(स) कूँ-कूँ-कूँ (द) खों-खों-खों

उत्तर - (स) कूँ-कूँ-कूँ

प्रश्न 4 - किस शब्द में 'उ' वर्ण है?

(अ) ऊन (ब) ओखली (स) उजाला (द) अनार

उत्तर - (स) उजाला

प्रश्न 5 - किस चित्र के नाम की पहली आवाज़ 'ख' है?

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर - (द) 

प्रश्न 6 - किस शब्द की पहली आवाज़ 'च' है?

(अ) अचानक (ब) चरखा (स) बचना (द) काँच

उत्तर - (ब) चरखा

प्रश्न 7 - किस शब्द में चार अक्षर है?

(अ) चरखा (ब) उल्लू (स) किसान (द) खरगोश

उत्तर - (द) खरगोश

प्रश्न 8 - किसान के पास कौन-सी चीज है?

(अ) दवात (ब) चरखा (स) ऊन (द) हल

उत्तर - (द) हल

प्रश्न 9 - उल्लू क्या लाया था?

(अ) दवात (ब) चरखा (स)हल (द) ऊन

उत्तर - (द) ऊन

प्रश्न 10 - 'ह' से शुरू होने वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) रहचुली (ब) शहनाई (स) हलवाई (द) गिलहरी

उत्तर - (स) हलवाई

प्रश्न 11 - इनमें से कौन-सी जोड़ी सही नहीं है?

(अ) उ-ऊन (ब) द-दवाई (स) च-चटनी (द)ख-खटिया

उत्तर - (अ) उ-ऊन

प्रश्न 12 - चित्र और उसके नाम के पहले अक्षर वाली सही जोड़ी कौन-सी है?

(अ)  - ऊ

(ब)  - र

(स)  - त

(द)  - ह

उत्तर - (द)



प्रश्न 13 -



यह किसका चित्र है?

(अ) गिलहरी (ब) नेवला (स) खरगोश (द) बिल्ली

उत्तर - (स) खरगोश

प्रश्न 14 - 'उल्लू' का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (द)



प्रश्न 15 - 'कि ................ न' दिए गए शब्द के खाली जगह में कौन-सा अक्षर आएगा?

(अ) त (ब) सा (स) सी (द) ब

उत्तर - (ब) सा

## पाठ - 11

## लालू और पीलू

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - मुर्गी के कितने चूजे हैं ?

(अ) एक (ब) चार (स) तीन (द) दो

उत्तर - (द) दो

प्रश्न 2 - दोनों चूजों का क्या नाम था?

(अ) गोलू-मोलू (ब) चिंटू-पिंटू

(स) लालू-पीलू (द) नीलू-पीलू

उत्तर - (स) लालू-पीलू

प्रश्न 3 - पीलू कैसी चीजें खाता था?

(अ) लाल (ब) पीली (स) हरी (द) नीली

उत्तर - (ब) पीली

प्रश्न 4 - लालू को पौधे पर क्या दिखा था?

(अ) पत्ती (ब) फूल

(स) लाल चीज (द) पीली चीज

उत्तर - (स) लाल चीज

प्रश्न 5 - लालू ने जो लाल चीज खाई, वह क्या था?

(अ) लाल रंग का टमाटर (ब) लाल रंग का फूल

(स) लाल रंग की मिर्च (द) लाल रंग का मीठा फल

उत्तर - (स) लाल रंग की मिर्च

प्रश्न 6 - लालू को कैसे पता चला कि वह लाल चीज मिर्च है?

(अ) जब उसकी जीभ जलने लगी (ब) जब उसकी आँख जलने लगी

(स) उसकी माँ के बताने पर (द) पीलू के बताने पर

उत्तर - (अ) जब उसकी जीभ जलने लगी

प्रश्न 7 - लालू की मुँह की जलन कैसे ठीक हुई?

(अ) पानी पीने से (ब) मिठाई खाने से

(स) शक्कर खाने से (द) गुड़ खाने से

उत्तर - (द) गुड़ खाने से

प्रश्न 8 - लालू-पीलू आपस में क्या थे ?

(अ) भाई-भाई (ब) बहन-बहन

(स) माँ-बेटा (द) पिता-बेटा

उत्तर - (अ) भाई-भाई

प्रश्न 9 - "पीलू पीली-पीली चीजें खाता था I" दिए गए वाक्य में कितने शब्द हैं ?

(अ) छः (ब) चार (स) पाँच (द) एक

उत्तर - (अ) छः

प्रश्न 10 - लालू का रोना सुनकर मुर्गी और पीलू क्यों भागे-भागे आए?

(अ) उसे डराने के लिए (ब) उस पर गुस्सा करने के लिए

(स) उसकी मदद करने के लिए (द) उसके साथ खेलने के लिए

उत्तर - (स) उसकी मदद करने के लिए

प्रश्न 11 - लाल-लाल चीजें खाना किसे पसंद था?

(अ) मुर्गी को (ब) पीलू को (स) लालू को (द) मुर्गी को

उत्तर - (स) लालू को

प्रश्न 12 - अगर लालू-पीलू को यदि हरी चीजें पसंद होती तो वे इसमें से कौन-सी चीजें खाते?

(अ) आइसक्रीम (ब) खीर (स) खीरा (द) गुड़

उत्तर - (स) खीरा

प्रश्न 13 - यह चित्र किसका है?



(अ) बतख (ब) चिड़िया (स) मुर्गी (द) कबूतर

उत्तर - (स) मुर्गी

प्रश्न 14 -



इस चित्र के लिए कौन-सा वाक्य सही है?

(अ) चिड़िया दाना चुग रही है। (ब) मुर्गी दाना चुग रही है।

(स) चिड़िया घोंसला बना रही है। (द) मुर्गी घोसला बना रही है।

उत्तर - (ब) मुर्गी दाना चुग रही है।

प्रश्न 15 - चूजा किसे कहते हैं?

(अ) कुत्ते के बच्चे को (ब) बिल्ली के बच्चे को

(स) मुर्गी के बच्चे को (द) गाय के बच्चे को

उत्तर - (स) मुर्गी के बच्चे को

## पाठ - 12

## बंदर आया

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - फल, भटा, टमाटर खाकर कौन निकला?

(अ) भालू (ब) खरगोश (स) बिल्ली (द) बंदर

उत्तर - (द) बंदर

प्रश्न 2 - बंदर क्या पहनकर बाहर निकला था?

(अ) जूते (ब) टोपी (स) टाई (द) ऐनक

उत्तर - (द) ऐनक

प्रश्न 3 - यह किसका चित्र है?



(अ) भटा (ब) आलू (स) टमाटर (द) सेब

उत्तर - (अ) भटा

प्रश्न 4 - ऐनक का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (ब) 

प्रश्न 5 - ठक-ठक कौन कर रहा था?

(अ) ठठेरा (ब) बढ़ई (स) लुहार (द) सुनार

उत्तर - (अ) ठठेरा

प्रश्न 6 - 'ए' से शुरू होने वाले शब्द कौन-सा है?

(अ) ऐनक (ब) ऐसा (स) ऐरावत (द) एकता

उत्तर - (द) एकता

प्रश्न 7 - 'फलदार' शब्द में पहला अक्षर कौन-सा है?

(अ) र (ब) द (स) ल (द) फ

उत्तर - (द) फ

प्रश्न 8 - किस शब्द की अंतिम आवाज़ 'ठ' है?

(अ) कठिनाई (ब) इंड (स) काठ (द) पठार

उत्तर - (स) काठ

प्रश्न 9 - किस चित्र का नाम 'ट' से शुरू होता है?

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर - (ब) 

प्रश्न 10 - बंदर भूखा है और वह इनमें से कौन-सी चीज खाएगा?

(अ)




(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (स)



प्रश्न 11 - 'फल' से मिलता-जुलता शब्द कौन-सा है?

(अ) फली (ब) कल (स) कली (द) कला

उत्तर - (ब) कल

प्रश्न 12 - ठठेरा क्या काम करता है?

(अ) गहने बनाना (ब) कुर्सी-मेज बनाना

(स) कपड़े सिलना (द) बर्तन बनाना

उत्तर - (द) बर्तन बनाना

प्रश्न 13 -



'ऐ ............ क' शब्द के खाली जगह में कौन-सा अक्षर आएगा?

(अ) न (ब) ना (स) नी (द) नु

उत्तर - (अ) न

प्रश्न 14 - किस शब्द में चार अक्षर हैं?

(अ) ठठेरा (ब) भटा (स) ऐनक (द) टमाटर

उत्तर - (द) टमाटर

प्रश्न 15 - 'ऐरावत' शब्द में कितनी आवाज़ें हैं?

(अ) चार (ब) तीन (स) दो (द) एक

उत्तर - (अ) चार

# पाठ - 13

## मेला

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - झूला कहाँ लगा है?

(अ) मेले में (ब) बाजार में (स) दुकान में (द) मैदान में

उत्तर - (अ) मेले में

प्रश्न 2 - कविता के अनुसार बच्चे मेले में क्या देखना चाहते हैं?

(अ) मिठाई (ब) रथ (स) झूला (द) सरकस

उत्तर - (द) सरकस

प्रश्न 3 - मेले में झूला, झूले में हम।

जोर से झुलाओ, .............

कविता की अगली पंक्ति क्या है?

(अ) मेले में सरकस (ब) नहीं डरेंगे हम

(स) देखेंगे हम (द) खाएँगे हम

उत्तर - (ब) नहीं डरेंगे हम

प्रश्न 4 - इनमें से किस शब्द में ए ( े ) की मात्रा है?

(अ) रेलगाड़ी (ब) बैलगाड़ी (स) बस (द) साइकिल

उत्तर - (अ) रेलगाड़ी

प्रश्न 5 - ठेला, मेला, .............. जैसा समान तुक वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) झूला (ब) सरकस (स) केला (द) मिठाई

उत्तर - (स) केला

प्रश्न 6 - 'सब' शब्द के पहले अक्षर 'स' में ए ( े ) की मात्रा जोड़ने पर कौन-सा शब्द बनेगा?

(अ) संबे (ब) सेब (स) सबै (द) सैब

उत्तर - (ब) सेब

प्रश्न 7 - कविता में बच्चे किस चीज से नहीं डरेंगे कह रहे हैं?

(अ) मेले से (ब) रेल से

(स) झूले से (द) सरकस से

उत्तर - (स) झूले से

प्रश्न 8 - नेहा किसके साथ मेला देखने गई थी?

(अ) राधा (ब) बेला (स) गुड़िया (द) चाँदनी

उत्तर - (ब) बेला

प्रश्न 9 - ऐ ( ै ) की मात्रा लगा हुआ शब्द कौन-सा है?

(अ) गोल (ब) शेर (स) पैसा (द) मोर

उत्तर - (स) पैसा

प्रश्न 10 - ठेले में क्या बन रहा था?

(अ) समोसा (ब) जलेबी (स) लड्डू (द) भजिया

उत्तर - (ब) जलेबी

प्रश्न 11 - नेहा ने मेला में अपने भाई के लिए क्या खरीदा?

(अ) गुब्बारा (ब) समोसा (स) कपड़े (द) जूता

उत्तर - (द) जूता

प्रश्न 12 - छतरी का चित्र



दिए गए चित्र के नाम का पहला अक्षर कौन-सा है?

(अ) त (ब) छ (स) र (द) री

उत्तर - (ब) छ

प्रश्न 13 - 'ब' वर्ण में ए ( े ) की मात्रा जोड़ने से कौन-सा अक्षर बनेगा?

(अ) बा (ब) बए (स) बे (द) बै

उत्तर - (स) बे

प्रश्न 14 - 'सेब' शब्द के पहले अक्षर में कौन-सी मात्रा लगी है?

(अ) उ की मात्रा (ब) ऊ की मात्रा

(स) ए की मात्रा (द) ऐ की मात्रा

उत्तर - (स) ए की मात्रा

प्रश्न 15 - 'पर' शब्द के प में ऐ ( ै ) की मात्रा लगाने पर कौन - सा शब्द बनेगा?

(अ) पौर (ब) पेर (स) पोर (द) पैर

उत्तर - (द) पैर

## पाठ - 14

## ओढ़नी

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - कविता में किसे निराली कहा गया है?

(अ) छतरी (ब) ओढ़नी (स) दादी (द) मुरली

उत्तर - (स) दादी

प्रश्न 2 - कविता में छतरी ताने हरदम कौन चलती है?

(अ) दादी (ब) लड़की (स) दीदी (द) नानी

उत्तर - (अ) दादी

प्रश्न 3 - 'डमरू' शब्द के बीच का वर्ण कौन-सा है?

(अ) ड (ब) म (स) र (द) रू


उत्तर - (ब) म

प्रश्न 4 - 'छतरी' शब्द जैसा समान तुक वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) कतरी (ब) छत (स) छत्ता (द) छत्र

उत्तर - (अ) कतरी

प्रश्न 5 -





यह किसका चित्र है?

(अ) बाण (ब) तीर (स) धनुष (द) तलवार


उत्तर - (स) धनुष

प्रश्न 6 - ओढ़नी का चित्र कौन-सा है?

(अ)  (ब) 

(स)  (द) 

उत्तर - (स)



प्रश्न 7 - 'ओ' से शुरू होने वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) औरत (ब) औजार (स) औलाद (द) ओला

उत्तर - (द) ओला

प्रश्न 8 - 'औजार' शब्द की पहली आवाज़ है -

(अ) ओ (ब) आ (स) औ (द) अ

उत्तर - (स) औ

प्रश्न 9 - | घ | र | इन वर्णों को जोड़कर कौन-सा शब्द बनेगा?

(अ) घर (ब) घार (स) घस (द) रहा

उत्तर - (अ) घर

प्रश्न 10 - किस शब्द में 'छ' की आवाज़ है?

(अ) अधर (ब) मछली (स) काजल (द) झंडा

उत्तर - (ब) मछली

प्रश्न 11 - 'डमरू' का चित्र कौन-सा है?

(अ)  (ब) 

(स)  (द) 

उत्तर - (द) 

प्रश्न 12 - 'औ' से शुरू होने वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) ओखली (ब) ओला (स) ओढ़नी (द) औरत

उत्तर - (द) औरत

प्रश्न 13 - इनमें से किस शब्द में 'घ' वर्ण नहीं है?

(अ) घर (ब) घड़ी (स) घना (द) धनुष

उत्तर - (द) धनुष

प्रश्न 14 - 'ड' वर्ण किस शब्द में है?

(अ) गुड़िया (ब) घड़ी (स) ढक्कन (द) डगर

उत्तर - (द) डगर

प्रश्न 15 - किस शब्द में चार अक्षर है?

(अ) ओखली (ब) डमरू (स) औरत (द) हरदम

उत्तर - (द) हरदम

## पाठ - 15

## खिलौने वाला

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - खिलौने वाला क्या-क्या लाया था?

(अ) हाथी, भालू, चाबी वाले कौआ-मोर

(ब) आलू, गोभी, भटा, टमाटर


(स) ताला-चाबी, सुई-धागा

(द) चौकी-बेलन, थाली, गिलास

उत्तर - (अ) हाथी, भालू, चाबी वाले कौआ-मोर

प्रश्न 2 - 'मोर' का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (द)



प्रश्न 3 - यह किसका चित्र है?



(अ) गुड्डा (ब) गुड़िया (स) जोकर (द) मदारी

उत्तर - (स) जोकर

प्रश्न 4 - चौकी शब्द के 'च' में कौन-सी मात्रा है?

(अ) उ की मात्रा (ब) ऊ की मात्रा

(स) ए की मात्रा (द) औ की मात्रा

उत्तर - (द) औ की मात्रा

प्रश्न 5 - घड़ी का चित्र



चित्र के नाम का पहला अक्षर कौन सा है?

(अ) छ (ब) च (स) घ

(द) ड़

उत्तर - (स) घ

प्रश्न 6 - |मो|र| दिए गए अक्षरों को जोड़कर कौन-सा शब्द बनेगा?

(अ) मार (ब) मोर (स) मारा (द) मारो

उत्तर - (ब) मोर

प्रश्न 7 - 'गि ........स' शब्द के खाली जगह में कौन-सा अक्षर आएगा?

(अ) ल (ब) ला (स) ली (द) लि


उत्तर - (ब) ला

प्रश्न 8 - | भौं | रा | दिए गए दोनों अक्षरों को जोड़कर लिखने से कौन-सा शब्द बनेगा?

(अ) भोर (ब) भोरा (स) भौर (द) भौंरा

उत्तर - (द) भौंरा

प्रश्न 9 -



चित्र के नाम का पहला अक्षर कौन- सा है?

(अ) ध (ब) धा (स) धि (द) धी

उत्तर - (अ) ध


प्रश्न 10 - 'कौआ' शब्द के 'क' वर्ण पर कौन-सी मात्रा है?

(अ) आ की मात्रा (ब) ओ की मात्रा

(स) ऐ की मात्रा (द) औ की मात्रा

उत्तर - (द) औ की मात्रा

प्रश्न 11 -



यह ............. का चित्र है?

(अ) लक (ब) लाक (स) लकी (द) लौकी

उत्तर - (द) लौकी

प्रश्न 12 - 'धनु........ '

शब्द के खाली जगह में कौन-सा वर्ण आएगा?

(अ) स (ब) श (स) ष (द) षा

उत्तर - (स) ष

प्रश्न 13 - गिल्ली डंडा किस चीज का बना होता है?

(अ) प्लास्टिक (ब) रबर (स) लकड़ी (द) लोहा

उत्तर - (स) लकड़ी

प्रश्न 14 - यह आम का ................है।

खाली जगह में कौन सा शब्द आएगा?

(अ) पेड़ (ब) घर (स) टायर (द) घोंसला

उत्तर - (अ) पेड़

प्रश्न 15 - बस का ...............।

खाली जगह में कौन-सा शब्द आएगा?

(अ) पेड़ (ब) चश्मा (स) छतरी (द) टायर

उत्तर - (द) टायर

## पाठ - 16

## झंडा

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - हमारे देश के झंडा को तिरंगा क्यों कहा जाता है?

(अ) इसमें तीन रंग हैं। (ब) ये देश की शान है।

(स) यह हम सबकी पहचान है। (द) इसे हम प्रणाम करते हैं।

उत्तर - (अ) इसमें तीन रंग हैं।

प्रश्न 2 - हमारे देश की शान है -

(अ) तिरंगा झंडा (ब) संस्कृति (स) भाषा (द) लोग

उत्तर - (अ) तिरंगा झंडा

प्रश्न 3 - 'तिरंगा' जैसा समान तुक वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) बिरंगा (ब) कलिंगा (स) सतरंगा (द) सारंगी

उत्तर - (अ) बिरंगा

प्रश्न 4 -



यह किसका चित्र है?

(अ) सेब (ब) अंगूर (स) अनानास (द) नाशपत्ती

उत्तर - (ब) अंगूर

प्रश्न 5 - 'षटकोण' शब्द की पहली आवाज़ क्या है?

(अ) स (ब) ष (स) श (द) प

उत्तर - (ब) ष

प्रश्न 6 - 'थ' से शुरू होने वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) यज्ञ (ब) तरबूज (स) थरमस (द) दवाई

उत्तर - (स) थरमस

प्रश्न 7 - 'सेब' किस रंग का होता है?

(अ) लाल (ब) केसरिया (स) नारंगी (द) काला

उत्तर - (अ) लाल

प्रश्न 8 - तिरंगा झंडा में सबसे ऊपर की पट्टी में कौन-सा रंग होता है?



(अ) केसरिया (ब) सफेद (स) हरा (द) नीला

उत्तर - (अ) केसरिया

प्रश्न 9 - तिरंगा झंडा में सबसे नीचे की पट्टी में कौन-सा रंग होता है ?

(अ) केसरिया (ब) सफेद (स) नीला (द) हरा

उत्तर - (द) हरा

प्रश्न 10 -



यह कौन-सा जानवर का चित्र है?

(अ) भालू (ब) हाथी (स) शेर (द) गाय

उत्तर - (ब) हाथी

प्रश्न 11 -



इस पक्षी को ............ कहते हैं?

(अ) तोता (ब) कबूतर (स) मोर (द) कौआ

उत्तर - (द) कौआ

प्रश्न 12 - अंगूर का रंग ............. होता है?

(अ) लाल (ब) हरा (स) सफेद (द) पीला

उत्तर - (ब) हरा

प्रश्न 13 - इनमें से कौन-सा पक्षी हरे रंग का होता है?

(अ) कौआ (ब) कबूतर (स) तोता (द) मुर्गी

उत्तर - (स) तोता

प्रश्न 14 - तोते की चोंच का रंग .............. होता है?

(अ) हरा (ब) काला (स) लाल (द) पीला

उत्तर - (स) लाल

प्रश्न 15 - किस शब्द में 'ढ' वर्ण है?

(अ) पढ़ाई (ब) बढ़ना (स) ढक्कन (द) चढ़ना

उत्तर - (स) ढक्कन

# पाठ - 17

## बंदर और गिलहरी

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - बंदर कहाँ बैठा था?

(अ) गुफा में (ब) छत पर (स) पेड़ पर (द)जंगल में

उत्तर - (स) पेड़ पर

प्रश्न 2 - किसकी पूँछ जमीन पर लटक रही थी?

(अ) गिलहरी (ब) शेर (स) गाय (द) बंदर

उत्तर - (द) बंदर

प्रश्न 3 - गिलहरी क्या कर रही थी?

(अ) आराम (ब) भाग-दौड़ (स) उछल-कूद (द) शरारत

उत्तर - (स) उछल-कूद

प्रश्न 4 - गिलहरी को अचानक क्या दिखाई दिया?

(अ) पेड़ (ब) बंदर (स) शेर (द) पूँछ

उत्तर - (द) पूँछ

प्रश्न 5 - गिलहरी ने किस चीज को झूला समझा?

(अ) रस्सी (ब) पेड़ की डाल

(स) बंदर की पूँछ (द) शेर की पूँछ

उत्तर - (स) बंदर की पूँछ

प्रश्न 6 - गिलहरी क्यों चौंक गई?

(अ) झूला को देखकर (ब) बंदर को देखकर

(स) शेर को देखकर (द) भालू को देखकर

उत्तर - (ब) बंदर को देखकर

प्रश्न 7 - बंदर की पूँछ पर झूला झूलने से उसे ....................।

(अ) गुस्सा आया (ब) मजा आया

(स) गुदगुदी हुई (द) तकलीफ हुई

उत्तर - (स) गुदगुदी हुई

प्रश्न 8 - गिलहरी को भूख लगी हो तो वह इनमें से कौन-सी चीज खाएगी?

(अ) झूला (ब) पेड़ (स) बंदर (द) अमरूद

उत्तर - (द) अमरूद

प्रश्न 9 - गिलहरी जैसा उछल-कूद करने वाला जानवर कौन-सा है?

(अ) ऊँट (ब) हाथी (स) खरगोश (द) गधा

उत्तर - (स) खरगोश

प्रश्न 10 - बंदर की पूँछ कैसी थी?

(अ) लंबी (ब) मोटी (स) पतली (द) छोटी

उत्तर - (अ) लंबी

प्रश्न 11 - किस जानवर की पूँछ छोटी और मोटी होती है?

(अ) गाय (ब) चूहा (स) गिलहरी (द) हाथी

उत्तर - (स) गिलहरी

प्रश्न 12 - इनमें कौन-सा जानवर उछल-कूद नहीं करता है?

(अ) चूहा (ब) खरगोश (स) गिलहरी (द) हाथी

उत्तर - (द) हाथी

प्रश्न 13 - गिलहरी को किस चीज में मजा आ रहा था?

(अ) उछल-कूद करने में (ब) बंदर को गुदगुदी करने में

(स) पेड़ पर चढ़ने में (द) झूला झूलने में

उत्तर - (द) झूला झूलने में

प्रश्न 14 - 'गिलहरी' का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स) 

(द) 

उत्तर - (स) 

प्रश्न 15 - बंदर क्या खाना चाहेगा?

(अ) 


(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर - (स) 

## पाठ - 18
## हलीम चला चाँद पर

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - एक दिन हलीम कहाँ जाने की सोच रहा था?

(अ) घर (ब) बाजार (स) मेला (द) चाँद पर

उत्तर - (द) चाँद पर

प्रश्न 2 - हलीम चाँद पर कैसे गया?

(अ) बस में बैठकर (ब) रेलगाड़ी में बैठकर

(स) हवाई जहाज में बैठकर (द) रॉकेट में बैठकर

उत्तर - (द) रॉकेट में बैठकर

प्रश्न 3 - कारखाने में हलीम को क्या मिला?

(अ) चाँद (ब) रॉकेट (स) पहाड़ (द) पत्थर

उत्तर - (ब) रॉकेट

प्रश्न 4 - हलीम क्यों डर गया था? क्योंकि -

(अ) उसे चाँद तक का रास्ता पता नहीं था।

(ब) उस जगह में कोई नहीं था।

(स) चाँद पर बड़े-बड़े गड्ढे थे।

(द) चाँद पर बड़े-बड़े पहाड़ थे।

उत्तर - (अ) उसे चाँद तक का रास्ता पता नहीं था।

प्रश्न 5 - चाँद पर जाकर भी हलीम खुश क्यों नहीं हुआ? क्योंकि

(अ) वहाँ अंधेरा था।

(ब) वहाँ पर कोई नहीं था।

(स) वह डर गया था।

(द) उसे घर की याद आ रही थी।

उत्तर - (ब) वहाँ पर कोई नहीं था।

प्रश्न 6 - रॉकेट का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (द)



प्रश्न 7 - हलीम जैसा समान तुक वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) सलीम (ब) सलमा (स) हमाल (द) धमाल

उत्तर - (अ) सलीम

प्रश्न 8 - “यह भी कोई जगह है।” ऐसा हलीम ने क्यों कहा?

(अ) चाँद बहुत दूर था (ब) चाँद में अँधेरा था

(स) चाँद पर बहुत ठंड थी (द) चाँद पर कोई नहीं था

उत्तर - (द) चाँद पर कोई नहीं था

प्रश्न 9 -



चित्र में बच्चा क्या कर रहा है?

(अ) खेल रहा है (ब) सोच रहा है

(स) चाँद पर जा रहा है (द) पढ़ाई कर रहा है

उत्तर - (ब) सोच रहा है

प्रश्न 10 - 'पहाड़' जैसा मिलता-जुलता शब्द कौन-सा है?

(अ) पहाड़ी (ब) पहाड़ा (स) दहाड़ (द) दिहाड़ी

उत्तर - (स) दहाड़


प्रश्न 11 - 'जान............र' शब्द के खाली जगह में कौन-सा वर्ण आएगा?

(अ) वा (ब) व (स) वी (द) वु

उत्तर - (ब) व

प्रश्न 12 - इनमें से 'चाँद' का चित्र कौन-सा है?

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (द)




प्रश्न 13 - हलीम घर वापिस कैसे आया ?

(अ) रेलगाड़ी में बैठकर (ब) रॉकेट में बैठकर

(स) बस में बैठकर (द) हवाई जहाज में बैठकर

उत्तर - (ब) रॉकेट में बैठकर

प्रश्न 14 -



यह चित्र किसका है?

(अ) चाँद (ब) सूरज (स) तारा (द) पृथ्वी

उत्तर - (ब) सूरज

प्रश्न 15 - हलीम चाँद पर क्यों जाना चाहता था? क्योंकि

(अ) चाँद बहुत दूर था ।

(ब) वह वहाँ खेलना चाहता था ।

(स) उसे चाँद दूर से बहुत सुन्दर लगता था ।

(द) वह उसे देखना चाहता था ।

उत्तर - (स) उसे चाँद दूर से बहुत सुन्दर लगता था ।

## पाठ - 19

## दौड़

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - सब्जियाँ किस चीज के लिए तैयार थी?

(अ) क्रिकेट खेलने के लिए (ब) फुटबॉल खेलने के लिए

(स) दौड़ने के लिए (द) पानी में भीगने के लिए

उत्तर - (स) दौड़ने के लिए

प्रश्न 2 - सभी सब्जियाँ किसका मजाक उड़ा रही थी?

(अ) गाजर (ब) मूली (स) मिरची (द) लौकी

उत्तर - (द) लौकी

प्रश्न 3 - दौड़ का फैसला कौन करने वाला था?

(अ) मुनगा (ब) लौकी (स) गाजर (द) मूली

उत्तर - (अ) मुनगा

प्रश्न 4- सभी सब्जियाँ कैसे फिसलने लगी?

(अ) कीचड़ में फिसलने से (ब) एक दूसरे को धक्का देने से

(स) धीरे-धीरे दौड़ने के कारण (द) तेज दौड़ने के कारण

उत्तर - (अ) कीचड़ में फिसलने से

प्रश्न 5 -



यह चित्र किसका है?

(अ) लौकी (ब) मूली (स) बैंगन (द) मुनगा

उत्तर - (द) मुनगा

प्रश्न 6 - दौड़ में जीत किसकी हुई?

(अ) मिरची (ब) मुनगा (स) मूली (द) लौकी

उत्तर - (द) लौकी

प्रश्न 7 - 'मूली' का चित्र कौन-सा है?

(अ)  (ब) 

(स)  (द) 

उत्तर - (ब) 

प्रश्न 8 - | क | ड़ी | दिए गए दोनों अक्षरों को जोड़कर कौन-सा शब्द बनेगा?

(अ) कीड़ा (ब) कड़ा (स) कड़ी (द) कड़े


उत्तर - (स) कड़ी

प्रश्न 9 - 'छड़ी' से मिलता-जुलता शब्द कौन-सा है?

(अ) मूली (ब) कौड़ी (स) बड़ा (द) घड़ी

उत्तर - (द) घड़ी

प्रश्न 10 - इनमें से गाजर का चित्र कौन-सा है?

(अ)  (ब) 

(स)  (द) 

उत्तर - (स) 

प्रश्न 11 - 'कटहल' शब्द में कितनी ध्वनियाँ है?

(अ) तीन (ब) चार (स) पाँच (द) छः

उत्तर - (ब) चार

प्रश्न 12 - मकड़ी कहाँ बैठी थी?

(अ) झाड़ी पर (ब) ककड़ी पर (स) लकड़ी पर (द) पेड़ पर

उत्तर - (स) लकड़ी पर

प्रश्न 13 - मकड़ी क्या खा रही थी?

(अ) गाजर (ब) ककड़ी (स) खीरा (द) गोभी

उत्तर - (ब) ककड़ी

प्रश्न 14 - भालू कहाँ बैठा था?

(अ) पहाड़ पर (ब) खेत पर (स) बालू पर (द) जंगल पर

उत्तर - (स) बालू पर

प्रश्न 15 - भालू क्या खा रहा था?

(अ) बालू (ब) आलू (स) मूली (द) गाजर

उत्तर - (ब) आलू

## पाठ - 20

## इनको भी जानो

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - किस शब्द के अंत में 'श' वर्ण है?

(अ) शलजम (ब) शहद (स) तलाश (द)कुशल

उत्तर - (स) तलाश

प्रश्न 2 - 'ऋ' ( c ) की मात्रा वाला शब्द कौन-सा है?

(अ) वृक्ष (ब) वर्च (स) व्रक्ष (द) ग्रह

उत्तर - (अ) वृक्ष

प्रश्न 3 - 'मित्र' से मिलता-जुलता शब्द कौन-सा है?

(अ) पत्र (ब) छात्र (स) चित्र (द) क्षेत्र

उत्तर - (स) चित्र

प्रश्न 4 -



यह किसका चित्र है?

(अ) भैंस (ब) गाय (स) हिरण (द) बकरी

उत्तर - (स) हिरण

प्रश्न 5 - किस शब्द में 'ड़' वर्ण है ?

(अ) डमरू (ब) डगर (स) डालडा (द) रगड़

उत्तर - (द) रगड़

प्रश्न 6 - 'रायगढ़' शब्द की अंतिम अक्षर क्या है ?

(अ) ढ (ब) ड़ (स) ढ़ (द) ड

उत्तर - (स) ढ़

प्रश्न 7 - किस शब्द में 'श्र' वर्ण है ?

(अ) पत्र (ब) क्षत्रिय (स) यज्ञ (द) श्रमिक

उत्तर - (द) श्रमिक

प्रश्न 8 - 'शिक्षक' शब्द में कितनी आवाज़ें है ?

(अ) तीन (ब) चार (स) दो (द) एक

उत्तर - (अ) तीन

प्रश्न 9 - 'श' वर्ण से शुरू होने वाला शब्द कौन-सा है ?

कुशल (ब) तलाश (स) शहद (द) आशा

उत्तर - (स) शहद

प्रश्न 10 - र ( र्‍ ) रेफ किस शब्द में है ?

(अ) ग्रह (ब) गृह (स) गर्व (द) गरम

उत्तर - (स) गर्व

प्रश्न 11 -



यह चित्र किसका है ?

(अ) ट्रक (ब) जीप (स) ट्रैक्टर (द) भौंरा

उत्तर - (अ) ट्रक

प्रश्न 12 - संयुक्त अक्षर किस शब्द में है ?

(अ) तितली (ब) मक्खी (स) मकड़ी (द) भौंरा

उत्तर - (ब) मक्खी

प्रश्न 13 -



यह किसका चित्र है ?

(अ) चूहा (ब) बिल्ली (स) शेर (द) कुत्ता

उत्तर - (ब) बिल्ली

प्रश्न 14 - 'कृषक' शब्द के 'क' वर्ण में कौन-सी मात्रा लगी है ?

(अ) इ की मात्रा (ब) ई की मात्रा

(स) ऋ की मात्रा (द) औ की मात्रा


उत्तर - (स) ऋ की मात्रा

प्रश्न 15 - 'चक्र' का चित्र कौन-सा है ?

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर - (अ) 

# बढ़ते कदम
# आकलन से शैक्षिक गुणवत्ता की ओर...

समरूपता, वैधता, विश्वसनीयता










राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़